This question paper contains **2** printed pages]

G—290—2018

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2018

HINDI

Paper VIII

[स्त्रीवादी विमर्श एवं साहित्य (भाग-2)]

(Tuesday, 4-12-2018) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) "तुम महज दासी बनी उस घर के मालिकों की टहल कर रही हो। जिठानी राज कर रही है, वह तो राजरानी बनी ही रहेगी। बेगार कितने दिन करोगी। जीवन भर क्या .... ?" 10

अथवा

"ऐसौ सीता जी सरीखौ रूप .... पर खोटो करम लिखाके लाई थीं, सो जोगिन-बैरागिन बनी फिर रही ....।"

(आ) "क्या बढ़िया बात कही ! उस मरने वाली के पति से सात फेरे लेकर, मैंने उसका घरबार समेट लिया .... उसके गहने मेरे हो गये; उसका जो कुछ था, मेरा अपना है अब-पर जब औलाद की बात आयी, तो मेरी अपनी कैसे नहीं।" 10

अथवा

"आपने हमारी इज्जत पर हाथ डाला है। आपको भारी जुर्माना देना होगा। मुझे तुरंत तीस हजार रुपये दे दें; तभी मेरा मुँह बंद रहेगा — वरना आपकी नौकरी समझ लो गयी।"

2. हिंदी में स्त्रीवादी साहित्य लेखन परंपरा पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'महिला सशक्तिकरण में साहित्य की भूमिका' विषय पर 'स्त्रीवादी विमर्श : समाज और साहित्य' पठित रचना के आधार पर चर्चा कीजिए।

P.T.O.

6D7FBE57ACC50762E61E7F819BAEF6B7

3. 'बेतवा बहती रही' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। 15

अथवा

उर्वशी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. "'पिंजरे की मैना' आत्मकथा मध्यवर्गीय नारी के संघर्षों से जुझते जीवन का दस्तावेज है।" सिद्ध कीजिए। 15

अथवा

पुरुष सत्तात्मक समाज की विकृत मानसिकता का चित्रण 'पिंजरे की मैना' में किस प्रकार हुआ है – विशद कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) शिवानी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*ii*) रमणिका गुप्ता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(*iii*) मंजुल भगत के साहित्य की विशेषताएँ बताइए।

(*iv*) मृणाल पांडे का जीवन परिचय दीजिए।

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'अनारो' किस विधा की रचना है ?

(*ii*) शिवानी का मूल नाम क्या है ?

(*iii*) रमणिका गुप्ता का जन्म कब हुआ ?

(*iv*) 'लाक्ष्यागृह' के रचनाकार कौन हैं ?

(*v*) 'वामा' की संपादिका का नाम क्या है ?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'टूटा हुआ इंद्रधनुष' .... की रचना है।

(*ii*) शिवानी का जन्म .... शहर में हुआ।

(*iii*) चित्रा मुद्गल की बहन का नाम .... है।

(*iv*) 'हादसे' .... विधा की रचना है।

(*v*) 'एक स्त्री का विदा गीत' के रचनाकार .... हैं।

6D7FBE57ACC50762E61E7F819BAEF6B7